तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 26. 0 डिग्री

# हरिभूमि जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 7 अक्टूबर 2025





गुरु तेगबहादुर की शहीदी यात्रा का पुष्प वर्षा एवं आतिशबाजी के साथ स्वागत

4




## खबर संक्षेप

### नपं राहौद में अटल परिसर का लोकार्पण आज

**राहौद।** नगर पंचायत राहौद में 19 लाख 95 हजार रुपए की लागत से नवनिर्मित भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की मूर्ति अनावरण 7 मंगलवार अक्टूबर को बुंदेला चौक प्रातः 11:30 बजे संपन्न होगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरूण साव, नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री छग शासन, अध्यक्षता कमलेश जांगड़े सांसद जांजगीर-चांपा लोकसभा, विशिष्ट अतिथि ओपी चौधरी प्रभारी मंत्री जांचगीर चांपा,अंबेश जांगड़े जिलाध्यक्ष भाजपा, शेषराज हरवंश विधायक पामगढ़, प्रतिभा कश्यप अध्यक्ष नपं राहौद, गुलाब सिंह चंदेल पूर्व जिलाध्यक्ष, संतोष लहरें, चून्नी लाल साहू पूर्व विधायक अकलतरा, यशवंत साहू मंडल अध्यक्ष पामगढ़, गयाराम चंदेल उपाध्यक्ष नपं राहौद उपस्थित रहेंगे।

### कलेक्टर ने जनसामान्य की सुनी शिकायत एवं समस्याएं

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम के माध्यम से जिले के विभिन्न स्थानों से आए जनसामान्य की शिकायत एवं समस्याओं को संवेदनशील पूर्वक सुनी। जनदर्शन में कुल 48 आवेदन प्राप्त हुए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर ज्ञानेंद्र सिंह ठाकुर सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। जनदर्शन में ग्राम पंतोरा निवासी गोविंद राम देवांगन मुआवजा राशि दिलाने, ग्राम नवापारा निवासी विकास कुमार पटेल पीएम विश्वकर्मा योजना का लाभ दिलाने, ग्राम मेहंदा निवासी संदीप तिवारी द्वारा बेजा कब्जा हटवाने, ग्राम नवापारा निवासी बलराम कश्यप द्वारा पीएम सम्मान निधि योजना के तहत लाभ दिलाने, ग्राम बिरकोनी निवासी प्रकाश पाटले व ग्राम पीपर सत्ती श्रीमती द्रोपती बाई प्रोत्साहन राशि दिलाने, श्रीमती भानमती बंजारे पीएम आवास योजना व पेंशन योजना का लाभ दिलाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया।

### महासंग्राम डांस प्रतियोगिता का आयोजन 22 को

**बिर्रा।** जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत अंचल के सबसे बड़े ग्राम पंचायत बिर्रा के शांति चौक में महासंग्राम डांस प्रतियोगिता का आयोजन बुधवार 22 अक्टूबर को रात्रि 8:00 बजे से रखा गया है। डांस प्रतियोगिता के डायरेक्टर कुश पटेल ने बताया कि इस महासंग्राम डांस प्रतियोगिता में चार अलग-अलग विधाओं में डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।

### शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजनांतर्गत 25 तक आवेदन

**जांजगीर-चांपा।** आईआईटी, एम्स, आईआईएम, एनएलयू, एमबीबीएस, एनआईटी, आईआईटी में चयन उपरांत प्रवेश प्राप्त करने के लिए तात्कालिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना संचालित है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि योजनान्तर्गत पात्र अभ्यर्थियों से निर्धारित प्रपत्र में आवेदन 25 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित किया गया है।

### हज प्रशिक्षकों के ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**अकलतरा।** राज्य हज कमेटी के द्वारा हज यात्रियों को प्रशिक्षित करने के लिए प्रशिक्षकों का ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के चेयरमैन मोहम्मद इमरान एवं पूर्व चेयरमेन मोहम्मद असलम खान ने बताया कि, हज कमेटी आफ इंडिया मुंबई के सर्कुलर 12 से प्राप्त सूचना अनुसार हज 2026 के लिए जाने वाले हज यात्रियों को हज की ट्रेनिंग देने के लिए, हज प्रशिक्षकों के लिए ऑनलाइन आवेदन 7 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक आमंत्रित किय गया है। संपूर्ण जानकारी हज कमेटी की बेबसाइट पर उपलब्ध है।

# डकैती की बड़ी साजिश नाकाम, पांच आरोपी हथियारों सहित गिरफ्तार

## आधी रात को तोड़ रहे थे सुपर मार्केट का शटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



जांजगीर शहर में बीती रात डकैती की एक बड़ी साजिश को दुकानदार की सतर्कता और पुलिस की सक्रियता ने नाकाम कर दिया। शहर के पेंड्री रोड स्थित श्याम सुपर मार्केट में हथियारबंद पांच युवकों का एक गिरोह देर रात दुकान का शटर तोड़ने की कोशिश कर रहा था लेकिन दुकानदार की सतर्कता और पुलिस की त्वरित कार्रवाई ने वारदात को होने से पहले ही रोक दिया। पुलिस ने मौके पर तीन आरोपियों को धर दबोचा, जबकि बाद में पूछताछ के आधार पर दो और साथियों को भी गिरफ्तार कर लिया गया।

इस संबंध में पुलिस से मिलीजानकारी के अनुसार, शनिवार 5- 6 अक्टूबर की दरमियानी रात करीब दो बजे श्याम सुपर मार्केट से शटर टूटने की आवाज सुनकर दुकानदार राहुल अग्रवाल और उनके पिता बाहर निकले। उन्होंने देखा कि तीन नकाबपोश युवक दुकान के पास भागते हुए दिखाई दिए। उन्होंने बिना देरी किए तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। सूचना मिलते ही जांजगीर थाना पुलिस की गश्त टीम हरकत में आई और पूरे क्षेत्र की घेराबंदी कर दी। कुछ ही देर में पुलिस ने तीनों संदिग्धों को भागते हुए गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम मनीष बनवा, चैतन्य उर्फ चमन और हितेश दिनकर बताए। जब पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की, तो आरोपियों ने बताया कि वे चोरी और डकैती की नीयत से इलाके में घूम रहे थे और उनके दो अन्य साथी भी इस साजिश में शामिल हैं। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने जितेंद्र दिनकर और तरुण सूर्यवंशी को भी हिरासत में लिया। इसके बाद पुलिस ने पूरे गिरोह का पर्दाफाश कर दिया। तलाशी के दौरान पुलिस को आरोपियों के पास से एक पिस्टल, पांच कारतूस, एक चाकू, दो सब्बल, दो नकाब, एक मोबाइल फोन और एक मोटरसाइकिल बरामद हुई। थाना प्रभारी ने बताया कि यह गिरोह लंबे समय से जांजगीर शहर और आसपास के क्षेत्रों में रेकी कर रहा था। मौके पर जब्त की गई सामग्री से स्पष्ट है कि वे किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे। पुलिस ने इस मामले में अपराध क्रमांक 907/25 धारा 331(4), 305(ए), 310(4), 3 (5), 312, 296, 351 बीएनएस, 25 आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज कर आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से न्यायिक रिमांड पर उन्हें जेल भेज दिया गया।

### शहर सहित आसपास के रहने वाले है सभी आरोपी

पुलिस ने बताया कि डकैती की नाकाम कोशिश करते हुए पकडे गए सभी आरोपी जांजगीर और आसपास के गांव के रहने वाले है। आरोपी मनीष कुमार बनवा पिता रामेश्वर प्रसाद उम्र 26 वर्ष सारागांव थाना ग्राम अफरीद का रहने वाला है, जो लक्की डेयरी के पास जांजगीर में वर्तमान में निवासरत है। इसी प्रकार भाठापारा जांजगीर निवासी तरूण सूर्यवंशी पिता पूरनदास उम्र 22 वर्ष, पुटपुरा निवासी जितेन्द्र दिनकर पिता बद्रीप्रसाद उम्र 26 वर्ष, तागा निवासी हितेश दिनकर पिता देवानंद उम्र 21 वर्ष और उसके भाई चैतन्य दिनकर उर्फ चमन उम्र 19 वर्ष को गिरफ्तार किया गया है।

## प्रदेश भर से पहुंचे खिलाड़ी छात्र-छात्रा, मैदान में हो रहा मुकाबला

# 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ आगाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



क्रीड़ा प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित अतिथि व खिलाड़ी।

हाईस्कूल मैदान जांजगीर में आयोजित 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ आकर्षक मार्चपास्ट और सांस्कृतिक कार्यक्रम के बीच खेल ध्वज फहराकर किया गया। पहले दिन कुश्ती में बालक वर्ग में दुर्ग जोन और बालिका में बिलासपुर जोन का दबदबा रहा।

सोमवार 6 अक्टूबर को जांजगीर के हाईस्कूल मैदान में राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ विधायक ब्यास कश्यप के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष अम्बेश जांगड़े, पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सत्यलता मिरी, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रेखा गढ़ेवाल, नगर पालिका उपाध्यक्ष मोहन यादव, हितेश यादव, इंजी. रवि पांडेय मंचस्थ रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती एवं महात्मा गांधी के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ जांजगीर-चांपा विधायक ब्यास कश्यप ने छत्तीसगढ़ राज्य का खेल ध्वज फहराकर किया। इस मौके पर श्री कश्यप ने कहा कि आप सब छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करें, मन लगाकर खेलें और जीत की नहीं, खेल की भावना से भाग लें। अनुशासन और परिश्रम से ही सफलता मिलती है। भाजपा जिलाध्यक्ष अम्बेश जांगड़े ने कहा कि खेल जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। जीत से अभिमान नहीं करना चाहिए, हार से हम सीखते हैं और खुद को बेहतर बनाते हैं। साथ ही जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सत्यलता मिरी, नगर पालिका परिषद जांजगीर-नैला अध्यक्ष श्रीमती रेखा गढ़ेवाल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष मोहन यादव ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और खेल भावना को सर्वोपरि बताया। बिलासपुर जोन के जोन प्रबंधक प्रेमलाल पांडेय ने आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता दीपक यादव ने किया। इस अवसर पर डीईओ अशोक सिन्हा, व्यायाम शिक्षकगण रमेश तिवारी, प्रमोद तिवारी, धीरमन आदित्य, गजेंद्र चौहान, विष्णु यादव, निलेश यादव, संजय यादव, रामकृष्ण परमहंस, अशोक साहू, धनमत महंत, तथा जोन प्रबंधकगण मगनराम मंडावी (बस्तर), कुटल बाघमार (रायपुर), विवेक पांडेय (सरगुजा), जोन मैनेजर (दुर्ग), गोपेश्वर कहरा, राजेश राठौर, और राकेश गढ़ेवाल उपस्थित रहे।

### प्रदेश भर के 4 सौ खिलाड़ी व 100 अधिकारी ले रहे हिस्सा

डीएसओ प्रेमलाल पांडेय ने बताया कि प्रदेश के पाँच जोन बिलासपुर, बस्तर, दुर्ग, रायपुर और सरगुजा से आए लगभग 400 खिलाड़ी एवं 100 अधिकारी इस प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे हैं। उल्लेखनीय है कि प्रतियोगिता 6 से 9 अक्टूबर तक चलेगी, जिसमें प्रदेशभर के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता में कुश्ती फ्री स्टाइल (बालक) 14, 17, 19 वर्ष, कुश्ती फ्री स्टाइल (बालिका) 14, 17, 19 वर्ष एवं कुश्ती ग्रीको रोमन (बालक) 17, 19 वर्ष वर्गों में मुकाबले होंगे।



सर्चिंग में निकली एसडीआरएफ टीम।

# तीसरे दिन मिली युवक की लाश, युवती की तलाश जारी

## देवरी चिचोली में बहे थे तीन लोग, दूसरे दिन मिला था एक शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

देवरी चिलोली पिकनिक स्पॉट में हसदेव नदी के तेज बहाव में बहे तीन लोगों में से दूसरे युवक की लाश तीसरे दिन सर्चिंग टीम को मिली। वहीं युवती की तलाश जारी है, जबकि इसके पूर्व दूसरे दिन एक युवक की लाश मिली थी।

गौरतलब है कि शनिवार 4 अक्टूबर को बिलासपुर से दो युवक और दो युवतियों के साथ अकलतरा के अर्जुनी निवासी एक युवक पंतोरा चौकी अंतर्गत देवरी चिचोली पिकनिक स्पॉट पर घुमने आए थे। इस दौरान शाम करीब 5 बजे नदी में नहाते वक्त तेज बहाव में पांचों बह गए। बताया जाता है कि नदी के बहाव में बहते हुए अर्जुनी निवासी लक्ष्मीशंकर किसी तरह अपने आप को संभाल लिया और उसने मोनिका सिन्हा को भी बाहर निकालने में सफल रहा, जबकि बिलासपुर निवासी स्वर्णरेखा ठाकुर, अंकुर कुशवाहा और आशीष भोई नदी के तेज बहाव में बह गए। ऐसे में लक्ष्मीशंकर और मोनिका बस्ती की ओर गए और लोगों को इसकी जानकारी दी फिर पुलिस को सूचित किया गया। सूचना मिलते ही पंतोरा पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और रात में ही खोजबीन शुरू की गई। दूसरे दिन एसडीआरएफ की टीम पहुंची और मोटरबोट तथा ड्रोन कैमरे की मदद से खोजबीन शुरू की गई। दूसरे दिन रविवार को दोपहर के करीब 2 बजे घटना स्थल से 15 किमी दूर कुदरी में एक युवक की लाश मिली। जिसकी पहचान अंकुर कुशवाहा के रूप में की गई। इसके बाद तीसरे दिन सोमवार 6 अक्टूबर को सर्चिंग टीम सुबह से डटी रही और दोपहर बाद दूसरे युवक आशीष भोई की लाश मिली। वहीं युवती की तलाश अभी भी की जा रही है। पुलिस टीम ने युवक के शव को बाहर निकाला और पंचनामा की कार्रवाई शुरू की।

# सर्पदंश से व्यापारी की मौत



**तनौद।** सर्पदंश से व्यापारी की मौत का मामला सामने आया है। घटना पामगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम खोरसी की है।

इस संबंध में पामगढ़ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पामगढ़ तहसील के ग्राम खोरसी निवासी 76 वर्षीय व्यापारी एवं कांग्रेस के कार्यकर्ता फिरंगी लाल साहू की साँप के काटने से मृत्यु हो गई। जानकारी के अनुसार शनिवार 4 अक्टूबर की रात लगभग 9 बजे जब फिरंगी लाल साहू अपनी दुकान बंद करने के बाद बाहर रखे सामान को अंदर रख रहे थे, तभी अचानक एक जहरीले साँप ने उन्हें डस लिया। परिजन तुरंत उन्हें खरौद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुँचे, जहाँ स्थिति गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जांजगीर लाते वक्त रस्ते पर ही उन्होंने दम तोड़ दिया। वे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, गौठान अध्यक्ष एवं मंडी अध्यक्ष पद पर रह चुके थे। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा उपरांत परिजनों को सौंप दिया।

# नरियरा में ट्रांसफार्मर खराब, तीन दिनों से छाया अंधेरा, एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर सुधार की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

- उपभोक्ताओं को भारी समस्याओं का करना पड़ रहा सामना



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते पार्षद व अन्य।

नगर पंचायत नरियरा के वार्ड क्रमांक 14 में भगत कुआं में लगे ट्रांसफार्मर के खराब होने से पूरे क्षेत्र में बीते तीन दिनों से विद्युत आपूर्ति बाधित है। इससे वार्ड के सैकड़ों परिवारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

सोमवार 6 अक्टूबर को पार्षद भवानी सिंह के नेतृत्व में वार्ड वासियों के द्वारा एसडीएम को ज्ञापन सौंप कर त्वरित कार्रवाई की मांग की गई है। भवानी सिंह ने एसडीएम सुमित बघेल को बताया कि नरियारा के वार्ड क्रमांक 14 में 3 अक्टूबर से ट्रांसफार्मर खराब होने की जानकारी विद्युत विभाग के अस्सिटेंट इंजीनियर एवं जूनियर इंजीनियर को पहले ही दी जा चुकी है लेकिन आज दिनांक तक विद्युत विभाग के किसी भी अधिकारी कर्मचारी के द्वारा खराब ट्रांसफार्मर का जायजा नहीं लिया गया है और ना ही कोई कार्रवाई की गई है। विद्युत विभाग के कार्यालय में किसी भी समस्या को लेकर जाने से विभाग के कर्मचारियों द्वारा जानकारी नहीं दी जाती। लंबे समय से बिजली बाधित रहने से क्षेत्रवासियों का दैनिक जीवन, जलापूर्ति, बच्चों की पढ़ाई और व्यवसायिक गतिविधियां गंभीर रूप से प्रभावित हो रही हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि 24 घंटे के भीतर ट्रांसफार्मर की मरम्मत या प्रतिस्थापन नहीं किया गया तो वार्डवासी शांतिपूर्ण आंदोलन के लिए बाध्य होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी विभाग की होगी। एसडीएम सुमित बघेल के द्वारा ग्राम वासियों को शीघ्र कार्रवाई का शासन दिया गया है। ज्ञापन सौंपने वालों में गोविंद पाटले, जीत रात, रघुवेन्द्र खांडेकर, गुलाबचंद धीरही, एवं वार्ड वासी उपस्थित रहे।

## कांग्रेस अध्यक्ष बनाने को लेकर पर्यवेक्षक के साथ वरिष्ठ नेताओं की पत्रवार्ता

# सबको साथ लेकर चलने वाले नेता को सौंपी जाएगी जिले की कमान: बंसल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा




पत्रकारों से चर्चा करते पर्यवेक्षक विवेक बंसल।

कांग्रेस पार्टी में सबको साथ लेकर चलने वाले नेता को जिले की कमान सौंपी जाएगी। संगठन का अध्यक्ष केवल मुखौटा बनकर ही ना रह जाए, इस बात का भी ध्यान रखा जाएगा। उक्त बातें संगठन सृजन अभियान के तहत जिले पहुंचे पर्यवेक्षक विवेक बंसल ने कही। इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत के साथ पूर्व मंत्री सत्यनारायण शर्मा, शिव डहरिया सहित वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

सोमवार 6 अक्टूबर को जिला मुख्यालय जांजगीर के अग्रसेन भवन में आयोजित पत्रकारवार्ता में जिला संगठन चुनाव को लेकर नियुक्त मुख्य पर्यवेक्षक विवेक बंसल ने कहा कि संगठन के अध्यक्ष पद को लेकर सबको साथ लेकर चलने वाले नेताओं को जिले की कमान सौंपी जाएगी। अध्यक्ष पद को लेकर नीति एवं पार्टी हित में ध्यान रखने वाले नेताओ की बात भी सुनी जाएगी। संगठन का अध्यक्ष महज मुखौटा बनकर ही नहीं रहना चाहिए। ऐसे पदाधिकारी की तलाश की जा रही है। एक सवाल के जवाब में श्री बंसल ने कहा कि संगठन चुनाव को लेकर पुराने कार्यकताओ से भी चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि पार्टी में स्वच्छ छवि के नेताओ को भी महत्व दिया जाएगा। संगठन चुनाव को लेकर महिला,आदिवासी एवं युवाओं की राय भी ली जाएगी। ऐसे नेता जो 5 साल पहले दूसरे पार्टी को छोड़कर कांग्रेस पार्टी में आए है। उनकी जानकारी भी ली जाएगी। संगठन चुनाव को लेकर सामाजिक लोगों से भी चर्चा की जाएगी। पत्रकार वार्ता के दौरान इंग्रिड मैक्लाउड, विधायक ब्यास कश्यप, राघवेन्द्र कुमार सिंह, शेषराज हरवंश, जनक ध्रुव, पूर्व विधायक मोतीलाल देवांगन, रविशेखर भारद्वाज, रमेश पैगवार, विवेक सिसोदिया सहित कांग्रेसी उपस्थित थे।

# आखिरकार जागा अमला, अटल परिसर का लोकार्पण आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़



पांच माह से लोकार्पण की बांट जोह रहा अटल परिसर के लोकार्पण को लेकर आखिरकार नगरीय प्रशासन का अमला जागृत हुआ। इसके लोकार्पण के लिए मंगलवार 7 अक्टूबर की तिथि निर्धारित की गई है। खास बात यह है कि इस मामले को हरिभूमि द्वारा प्रमुखता के साथ उठाया गया था।

नगर पंचायत पामगढ़ में बनाए गए अटल परिसर का लोकार्पण नहीं हो पा रहा था। तत्संबंध में हरिभूमि में 5 माह से लोकार्पण की बांट जोह रहा अटल परिसर शीर्षक से खबर प्रकाशित किया गया था। जिसके बाद स्थानीय प्रशासन ने सुध ली और कार्यक्रम तय किया गया। तय कार्यक्रम के मुताबिक प्रतिमा का अनावरण मंगलवार 7 अक्टूबर को 10 बजे नगर पंचायत परिसर में उपमुख्यमंत्री अरुण साव के मुख्य आतिथ्य में होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय सांसद श्रीमती कमलेश जांगडे करेंगी। विशिष्ट अतिथि प्रभारी मंत्री ओपीचौधरी उपस्थित रहेंगे। नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गौरी छोटू जांगडे एवं मुख्य नगर पंचायत अधिकारी ने सभी जनमानस से अधिकाधिक उपस्थिति की अपील की है।

## खबर संक्षेप

### कोयला और इस्पात समिति का हुआ पुनर्गठन, सांसद महंत बनीं सदस्य



**कोरबा।** कोयला और इस्पात समिति का पुनर्गठन किया गया है। विभाग संबंधित संसदीय स्थायी समितियों के तहत गठित समिति से राज्यसभा के तीन सदस्य बाहर हुए हैं तथा एक नया सदस्य को शामिल किया गया। समिति के दो सदस्य पद रिक्त रखे गए हैं। 31 सदस्यीय समिति में लोकसभा से 21 और राज्यसभा से 10 सांसद सम्मिलित किए जाते हैं। 26 सितम्बर को समिति का पुनर्गठन किया गया। इसमें लोकसभा के सभी 21 सांसदों को सदस्य के रूप में यथावत रखा गया है। कोयला और इस्पात समिति के चेयरमैन अनुराग ठाकुर भी यथावत हैं। राज्यसभा से लिए जाने वाले सदस्यों में बदलाव किया गया है। समिति में शामिल रहे रवंगव्रा नारज़ारी, मानस रंजन मंगराज, फौजिया तहसीन अहमद खान को बाहर किया गया है। नए सदस्य के तौर राज्यसभा के सांसद डॉ. सरफराज अहमद को सम्मिलित किया गया है। पुनर्गठन में राज्यसभा से लिए जाने वाले सदस्य के दो पद रिक्त रखे गए हैं।

### परम पूज्य गुरुदेव भगत प्रकाश महाराज का सप्तदेव मंदिर में हुआ स्वागत



**कोरबा।** सिंधी समाज के परम पूज्य गुरुदेव भगत प्रकाश का शनिवार को कोरबा नगर आगमन हुआ। इस अवसर पर प्रातः 11 बजे गुरुदेव भगत प्रकाश श्री सप्तदेव मंदिर पधारे जहां पर मंदिर के प्रमुख ट्रस्टी अशोक मोदी ने उनको दुपट्टा ओढ़ाकर एवं श्रीफल भेंट कर उनका भव्य स्वागत एवं सम्मान किया। परम पूज्य गुरुदेव ने मंदिर में मां श्री राणी सती दादी का एवं मंदिर में विराजित समस्त देवी देवताओं के दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया एवं नवनिर्माण श्री सप्तदेव मंदिर की भूरी भूरी प्रशंसा की। इस अवसर पर सिंधी समाज के गणमान्य नागरिकों के अतिरिक्त मंदिर के प्रमुख ट्रस्ट्री गौरव मोदी, श्रीमती किरण मोदी, श्री सप्तदेव मंदिर महिला मंडल समिति एवं अग्रवाल महिला मंडल समिति के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### प्रेरणा महिला मंडल ने गरबा उत्सव में बिखेरा रंग और उमंग



**कोरबा।** नवरात्रि पर डीएसपीएम कोरबा पूर्व के आवासीय परिसर स्थित सीनियर क्लब में प्रेरणा महिला मंडल द्वारा गरबा उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर पंकज के कुशल मार्गदर्शन में सभी सदस्यों ने मनमोहक गरबा प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रेरणा महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती अल्का कंसल एवं श्रीमती निवेदिता बंजारा ने की। माता की प्रतिदिन आराधना के उपरांत गरबा संपन्न हुआ तथा प्रसाद का वितरण किया गया। कन्या भोज के दिन सभी सदस्यों एवं उनके परिवारजनों को सपरिवार आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम का समापन कन्या भोज के साथ किया गया। सभी बच्चों और बड़ों को उपहार भी प्रदान किए गए।

### महिला के गले से सोने की माला पार, मामला दर्ज

**कोरबा।** सक्ती के थाना बाराद्वार के अंतर्गत ग्राम जेठा निवासी श्रीमति लछन बाई उम्र 50 वर्ष पति बिसाहु राम यादव ने उरगा थाना मे रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 3 अक्टूबर को अपने परिवार के अन्य सदस्य एवं उसकी पुत्री व पुत्र के साथ ग्राम मड़वारानी देवी दर्शन के लिये आये हुये थे। देवी दर्शन करने के बाद लछन बाई व उसके पुत्र पुत्री पैदल ही नीचे सडक के रास्ते उतर रहे थे कि दोपहर लगभग 1.30 बजे बीच रास्ते में पहुंचे थे कि किसी अज्ञात चोर के द्वारा लछन बाई के गले में पहना हुआ मंचली सोने का माला को चोरी कर ले गया है।
मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

जाँजगीर मार्केट
फ्री फ्री ऑफर 66% छूट
ब्रॉन्डेड कॉब रेडिमेड कपड़ा शोरूम
1 कपड़ा खरीदने पे
2 फ्री
कॉब कम्पनी के जूते
999/- मात्र
आदित्य प्लाई एण्ड हार्डवेयर
नेताजी चौक, लिंक रोड, जांजगीर
प्रो. आदित्य शंकर सिंघानिया
मो. 6260115021, 9302362173

## कन्या आश्रम छात्रावास के दौरे करने का है प्रावधान

# जिले में है बालिका शिक्षा अधिकारी की नियुक्ति, फिर भी नहीं होता दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में आदिम जाति कल्याण विभाग और समग्र शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित कन्या आश्रम छात्रावास के निरीक्षण के

**खास बात**

- शिक्षा विभाग में कार्यरत है बालिका शिक्षा अधिकारी

लिए शिक्षा विभाग में बालिका शिक्षा अधिकारी की नियुक्ति होने के बाद भी उनके दौरे को लेकर कोई विभागीय जानकारी सामने नहीं आती। बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए शासन की ओर से बालिका शिक्षा अधिकारी की नियुक्ति शिक्षा विभाग में की गई है। जिनको अधिक से अधिक संख्या में छात्राओं को शिक्षा से जोड़ने की जिम्मेदारी दी गई है।

ग्रामीण अंचलों में अभी भी कई ऐसे स्कूल हैं जहां कि दर्ज संख्या यह बताती है कि प्राईमरी स्कूल में बालिकाओं की संख्या बालक से कम है। इसी विषंगति को दूर करने के लिए राज्य शासन के द्वारा प्रदेश के सभी जिले के शिक्षा विभाग में बालिका शिक्षा अधिकारी की नियुक्ति की गई है। जिले के शिक्षा विभाग में भी बालिका शिक्षा अधिकारी की नियुक्ति की गई है। इस पद पर श्रीमती शशिप्रभा सोनपुरे को पदस्थ किया गया है। उनको ही जिम्मेदारी दी गई है कि कन्या आश्रम छात्रावास का निरीक्षण करने के साथ बालिका शिक्षा के प्रचार प्रसार के लिए मैदानी स्तर पर जाकर कार्य करे और शिक्षा से वंचित बालिकाओं को स्कूल में दाखिला करवाएं। अधिकांश शिक्षकों को तो जिले में कोई बालिका शिक्षा अधिकारी की पदस्थापना भी है, जिसकी जानकारी भी नहीं है। बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कई प्रकार की गतिविधियों का संचालन किया जाना भी आवश्यक होता है। ये सब बालिका शिक्षा अधिकारी के देखरेख में की जाती है, किंतु जिले में बालिका शिक्षा को लेकर कोई बड़ा वर्कशॉप या ग्रामीण अंचलों में कोई बड़ा अभियान दिखाई नहीं पड़ता। इससे बालिका शिक्षा अधिकारी की कार्यों पर ही सवाल खड़े होते हैं। यह तो उन्हें बालिका शिक्षा के प्रचार प्रसार का काम न सौंपकर बाबूगिरी का काम कराया जा रहा है। जिसके कारण बालिका शिक्षा अधिकारी अपना मूल कार्य नहीं कर पा रही है।

**लंबे समय देख रहे हैं एक ही प्रभार**

शिक्षा विभाग में कई ऐसे बाबू हैं जो बीते लंबे समय से एक ही शाखा का प्रभार देख रहे हैं, जिनसे उनके विभाग में मोनोपाली चल रही है, जबकि शिक्षा मंत्री ने जिला शिक्षा अधिकारियों की पिछले महीने ली गई बैठक में लंबे समय से एक ही प्रभार को देखने वाले कर्मचारियों के प्रभारी में बदलाव करने के निर्देश दिए थे। इस निर्देश का जिले के शिक्षा विभाग में असर होता नजर नहीं आया है। एक पखवाड़ा बीतने के बाद भी लंबे समय से एक ही शाखा का प्रभार देखने वाले बाबूओं के कार्यों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। एक ही शाखा का प्रभार देखने के कारण इन बाबूओं के प्रभाव के आगे अधिकारी भी बेबस नजर आते हैं। यह स्थिति शिक्षा विभाग के साथ साथ विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में भी नजर आती है।

# मोबाइल दुकान में चोरी के मामले में एक नाबालिग सहित तीन गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत भिलाईखुर्द निवासी लखन पटेल उम्र 35 वर्ष पिता राम कुमार पटेल ने चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 1 अक्टूबर को मिनीमाता कॉलेज के पास कुआंभट्ठा, मुड़ापार-घंटाघर रोड कोरबा में लखन मोबाईल रिपेयरिंग सेंटर का संचालन करता है यह उक्त दुकान में इयर फोन वगैरह बेचने के अतिरिक्त कम्प्युटर, मोबाईल फोन बनाने का काम करता है। विगत दिनों अज्ञात चोरों ने उसके दुकान का शटर तोड़कर मोबाइल सहित अन्य सामानों की चोरी कर ली थी इस मामले में पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की तहकीकात में जुटी हुई थी। मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने एक नाबालिक बालक सहित आरोपी राहुल सारथी एवं संजू पटेल से चोरी गये समस्त मशरूका को विधिवत बरामद कर आरोपियों के विरुद्ध धारा 331 (4), 305(1), 3 (5) बीएनएस का अपराध दर्ज कर उनको गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

# एनीकट में लापता युवक का मिला शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत अमरैय्यापारा निवासी पवन सिंह अपने भाई श्याम सिंह और परिवार के कुछ सदस्यों के साथ डेम के किनारे पिकनिक मना रहा था। नहाने के दौरान श्याम सिंह अचानक गहरे पानी में फंस गया और डूबने लगा। यह देखते ही पवन बिना सोचे-समझे पानी में कूद पड़ा। दोस्तों की मदद से श्याम को तो बचा लिया गया लेकिन पवन बह गया। पुलिस और नगर सेना की गोताखोर टीम और स्थानीय प्रशासन ने तलाश अभियान जारी रखा। तलाश की कड़ी में रविवार की सुबह सर्वमंगला मंदिर के सामने छठघाट पर कुछ लोगों ने एक बहते हुए शव को देखा उसे किनारे लगाने की कोशिश की गई लेकिन बहाव में आगे निकल गया। यहां डोंगा चला रहे कुछ लोगों ने किसी तरह से शव को किनारे लगाया और सूचना पुलिस को दी गई। उसकी पहचान पवन के रूप में हुई है। जानकारी होते ही उसके परिजन मौके पर पहुंच गए। मामले में पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

### ट्रक ने युवक को मारी टक्कर मौत, चक्काजाम

**कोरबा।** कटघोरा थाना क्षेत्र के जटगा चौकी के अंतर्गत बरबसपुर जटाशंकरी नदी पुल पर युवक संदीप यादव पिता बसंत यादव अपने मोबाइल फोन पर बात कर रहा था। तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार सीमेंट से भरी ट्रक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक का शरीर दो हिस्सों में बंट गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद जटगा पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक को सड़क किनारे हटाने का प्रयास किया। हादसे की खबर फैलते ही स्थानीय लोग बड़ी संख्या में एकत्र हो गए और चक्काजाम कर दिया। दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे यातायात पूरी तरह से ठप हो गई थी। जिसके उपरांत लगभग एक घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस व प्रशासन की ओर से मृतक के परिजनों को 25 हजार रुपए की तात्कालिक सहायता राशि देने की घोषणा की गई। आश्वासन मिलने के बाद लोगों ने चक्काजाम समाप्त किया गया।

# ग्राम पंचायत लालपुर में फर्जी आदिवासी बनकर चुनाव लड़ने का मामला, कलेक्टर से की गई कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




पोड़ीउपरोड़ा जनपद के अंतर्गत ग्राम पंचायत लालपुर के वार्ड क्रमांक 5 में फर्जी आदिवासी बनाकर चुनाव लड़ने का मामला सामने आया है। ग्राम पंचायत पाथा लालपुर की सरपंच ललिता देवी ओरकेरा ने कलेक्टर को पत्र लिखकर इस गंभीर मामले की जांच की मांग की है।

सरपंच ललिता देवी के अनुसार ग्राम के टेंकसिंह नामक व्यक्ति ने आदिवासी समुदाय का फर्जी प्रमाणपत्र बनवाकर आरक्षित वार्ड क्रमांक 5 से चुनाव लड़ा और वर्तमान में उपसरपंच पद पर आसीन है] जबकि आदिवासी जाति प्रमाण पत्र भी नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि टेंक सिंह प्रशासनिक नियमों की अनदेखी कर दो पंचवर्षीय कार्यकाल से लगातार शासन को गुमराह किया गया है, जो स्पष्ट रूप से पंचायत राज अधिनियम के उल्लंघन के अंतर्गत आता है।

ललिता देवी ने कहा कि यह मामला न केवल फर्जी जाति प्रमाणपत्र से जुड़ा है बल्कि आरक्षित सीट पर वास्तविक आदिवासी अभ्यर्थियों के अधिकारों का हनन भी है। उन्होंने जिला प्रशासन से तत्काल जांच कर भारतीय दंड संहिता के तहत कठोर कार्रवाई की मांग की है। स्थानीय ग्रामीणों ने भी प्रशासन से अपील की है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएं ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति फर्जी जाति प्रमाणपत्र बनवाकर आरक्षण नीति का दुरुपयोग न कर सके। फिलहाल यह मामला जनपद और जिला प्रशासन दोनों के संज्ञान में आ चुका है और जांच की प्रक्रिया शुरू होने की संभावना जताई जा रही है। फिलहाल इस मामले में उप सरपंच से संपर्क किया गया लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका।

# कोरबा से उरगा जाने वाली मेन रोड बनी तालाब, लोग हो रहे हलाकान



जर्जर सड़क जो बन चुकी है तालाब।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


कोरबा से उरगा को जोड़ने वाली मुख्य सड़क इन दिनों तालाब का रूप ले चुकी है। हल्की बारिश होते ही सड़क पर जलभराव हो जाता है, जिससे आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रोज़ाना इस मार्ग से हज़ारों वाहन गुजरते हैं, लेकिन खराब सड़क और पानी भरने से दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना रहता है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि पिछले कई महीनों से इस सड़क की मरम्मत नहीं हुई है। सड़क के किनारे नाली और जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण बारिश का पानी बीच सड़क पर जमा हो जाता है। निगम अधिकारियों को कई बार शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन अब तक किसी ने सुध नहीं ली है। एक राहगीर ने नाराज़गी जताते हुए कहा कि हम रोज़ इस रास्ते से गुजरते हैं, लेकिन सड़क की हालत दिन ब दिन बदतर होती जा रही है। अधिकारी और जनप्रतिनिधि केवल आश्वासन देते हैं, लेकिन कोई काम नहीं होता। जनप्रतिनिधियों की उदासीनता और निगम प्रशासन की लापरवाही के कारण आम जनता को खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। नागरिकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इस सड़क की मरम्मत कराई जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

**अधूरी सड़क, बार-बार लगता है जाम**

सर्वमंगला से इमलीछापर निर्माणाधीन सड़क के पूर्ण नहीं होने के कारण बार बार वाहनों का जाम हमेशा लगता आया है। बारिश में यह स्थिति और भी खराब हो जाती है। जब ओव्हर ब्रिज के समीप सड़क निर्माण नहीं होने के कारण जल भराव होने से छोटे बड़े वाहन गड्ढों में फंसने लगते हैं, जिसे दोनों ओर वाहनों का जाम लगने के कारण आवागम पूरी तरह से प्रभावित हो जाता है। कोरबा शहर से पश्चिम क्षेत्र से जाने के लिए यह एकमात्र सड़क है, जो हमेशा भारी वाहनों की वजह से व्यस्त सड़क के रूप में पहचानी जाती है। सड़क निर्माण पूरा नहीं होने के कारण आम लोगों को जाम की समस्या से निजात नहीं मिल पा रही है। बारिश के कारण कोरबा पश्चिम क्षेत्र के लोगों की समस्या और भी बढ़ जाती है।



# ट्रेक्टर की बैटरी चोरी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार




**कोरबा।** हरदीबाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खम्हरिया निवासी भूनेश्वर सोनी उम्र 41 वर्ष पिता स्व. रामभरोस सोनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 24-25 सितंबर की दरमियानी रात उसके ट्रेक्टर से बैटरी और पेटी की चोरी कर ली थी। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच में जुटी हुई थी। इस दौरान मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने ग्राम खम्हरिया निवासी मनमोहन दास, हीरा सिंह श्याम के द्वारा चोरी का बैटरी रखने की संदेह व्यक्त करने पर आरोपी मनमोहन दास के सकुनत पर दबिश देकर अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर अपने हीरा सिंह श्याम के साथ दिनांक घटना को ट्रेक्टर में लगा बैटरी को चोरी करना स्वीकार किये तथा चोरी गये बैटरी को गौतम प्रसाद निर्मलकर के पास बिक्री करना बताये। पुलिस ने इस चोरी के मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार कर आरोपियों के कब्जे से 2 नग बैटरी व अन्य सामान को जप्त कर लिया है।

**न्यायालय तहसीलदार जांजगीर, जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
**//सूचना//**
**क्रं.3394/तह./वा-1/2025**
**जांजगीर, दिनांक 06/10/25**
रा.प्र. क्र. 20241206070026/अ-27/2024-25
ग्राम-जांजगीर

प्रति
01. पुनीलाल पिता बुधराम 02. रामविलास पिता बुधराम 03. निलेश पिता संतोष कुमार 04. साहिल पिता शत्रुहन सभी जाति राठौर साकिन जांजगीर वार्ड नंबर 12 तहसील जांजगीर जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय के रा.प्र.क्र. 202412060700026/अ-27/2024-25 में पक्षकार गयाराम पिता पकलुराम बनाम पुनीलाल वगै. निवासी जांजगीर तहसील जांजगीर जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) द्वारा ग्राम जांजगीर प.ह.न. 05 में स्थित भूमि खसरा नंबर 903/2, 911/2 रकबा 0.109, 0.154 हेक्टेयर भूमि का आवेदक अनोवदकगणों के पिता के मध्य लगभग 50 वर्ष पूर्व आपसी बंटवारा हो गया है उभयपक्ष अपने-अपने हिस्से में कब्जा काश्त करते आ रहे है। उपरोक्त भूमि का आपसी बंटवारा एवं कब्जा के आधार पर खाता विभाजन किये जाने बाबत प्रकरण इस न्यायालय में लंबित है।

अतः आप उक्त प्रकरण में नियत सुनवाई दिनांक 24/10/25 को उपस्थित होंवें अन्यथा आपके विरूध्द एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

आज 06/10/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा द्वारा जारी किया गया है।

**तहसीलदार**
**जांजगीर**

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
विवाह प्र. क्र /ब-121/2024-2025
ग्राम घुठिया तहसील नवागढ

आवेदक श्री डागेश्वर पटेल उम्र 31 वर्ष पिता श्री अमरनाथ पटेल जाति पटेल एवं आवेदिका श्रीमती प्रियंका पटेल पति श्री डागेश्वर पटेल उम्र 28 वर्ष जाति पटेल दोनो निवासी ग्राम कसडोल तहसील व थाना कसडोल जिला बलौदाबाजार-भाठापारा (छ.ग.)

**बनाम**
**छत्तीसगढ़ शासन**
**ईश्तहार**

आम जनता ग्राम घुठिया तहसील नवागढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री डागेश्वर पटेल उम्र 31 वर्ष पिता श्री अमरनाथ पटेल जाति पटेल एवं आवेदिका श्रीमती प्रियंका पटेल पति श्री डागेश्वर पटेल उम्र 28 वर्ष जाति पटेल दोनो निवासी ग्राम कसडोल तहसील व थाना कसडोल जिला बलौदाबाजार-भाठापारा (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर बताया है कि हम दोनों का विवाह दिनांक 01.05.2025 को ग्राम घुठिया तहसील नवागढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) में सम्पन्न हो चुका है। और अपने अनुष्ठापित विवाह का पंजीयन कर विवाह प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः इस संबंध में किसी को कोई दावा / आपत्ति हो तो वह अपनी दावा/आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 29/10/2025 को 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/09/2025 को न्यायालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**विवाह अधिकारी**
**जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का
राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चॉपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
24/7
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना, नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661


राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चॉपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलांओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- गरीब के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉन्टिस्ट
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बतीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बतीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी, पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- सत्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द, साइटिका एवं अर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी, ई.ई.जी, स्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- नसबंदी, यूरिनरी समस्याएं, अनियंत्रित रक्त स्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पत्तियों का परामर्श एवं इलाज, महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिशर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वेरीकोसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661



# 58 की उम्र में पिता बने अरबाज

**मुंबई।** अरबाज खान और उनकी पत्नी शूरा ने रविवार को अपने पहले बच्चे का स्वागत किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शूरा ने रविवार सुबह बेटी को जन्म दिया है। हालांकि, कपल की ओर से अब तक इस बात की कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है और न ही उन्होंने कोई तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की है। शूरा को कल मुंबई के पीडी हिंदुजा अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अरबाज की बेटी के जरिए खान परिवार ने लंबे वक्त बाद बेबी गर्ल का स्वागत किया है। इससे पहले अरबाज को पहली पत्नी मलाइका से एक बेटा अरहान हुआ था। उनके एक भाई सोहेल के भी दो बेटे निर्वाण और योहान हैं। जबकि दूसरे भाई सलमान ने तो अब तक शादी ही नहीं की है। हालांकि, तीनों भाइयों की दो बहनें अलवीरा और अर्पिता जरूर हैं। अरबाज खान दूसरी बार पिता बने हैं।

लाइफ Style

# सामंथा

## सब कुछ नहीं हैं अच्छे नंबर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु ने छात्रों को तनाव से निपटने के लिए कुछ आसान सलाह दी। उन्होंने वीडियो शेयर कर बताया कि कैसे उन्होंने स्कूल के दिनों में सहानुभूति, दया और अच्छा इंसान बनना सीखा। साउथ एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु ने आज सोशल मीडिया हैंडल पर एक खास वीडियो शेयर किया है।

इस वीडियो में उन्होंने अपनी स्टूडेंट लाइफ को लेकर आज के छात्रों को खास सलाह दी और बताया कि उन्होंने आखिर एक छात्र के रूप में क्या कुछ सीखा और यह सबकुछ उनके लिए क्या मायने रखता है। रविवार को सामंथा ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपने प्रशंसकों के साथ एक खास वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में सामंथा ने कहा, 'मेरे स्कूल के दिनों की बहुत सारी यादें हैं, लेकिन आजकल के छात्रों का तनाव सुनकर दुख होता है।

मुझे लगता है कि अच्छे नंबर सब कुछ नहीं हैं। स्कूल में सबसे अच्छी चीज दोस्ती, दूसरों का सम्मान और दया सीखा था।' सामंथा ने आगे कहा, 'मैंने स्कूल में किताबी बातें भूल गईं, लेकिन ये गुण आज भी मेरे काम आते हैं। ये जीवन के लिए सबसे जरूरी हैं।' फिर सामंथा ने 2023 की एनसीआरबी रिपोर्ट शेयर की, जिसमें बताया गया कि महाराष्ट्र में छात्रों की आत्महत्याओं के सबसे ज्यादा मामले हुए। उन्होंने इस पर दिल टूटने वाली इमोजी लगाई। सामंथा रुथ प्रभु नेटफ्लिक्स की वेब सीरीज 'रक्त ब्रह्मांड' और तेलुगु फिल्म 'मां इंति बंगाराम' में नजर आएंगी। वह वेब सीरीज 'सिटाडेलः हनी बनी' के सीजन 2 में भी नजर आएंगी।



हॉलीवुड मसाला



# टेलर का रिकॉर्ड दूसरे स्थान पर

**लॉस एंजिल्स।** दुनिया की सबसे लोकप्रिय पॉप स्टार में से एक टेलर स्विफ्ट एक बार फिर अपने नए एल्बम 'द लाइफ ऑफ अ शो गर्ल'के साथ म्यूजिक इंडस्ट्री में बवाल काट चुकी हैं। एल्बम रिलीज के पहले ही दिन इसने 27 लाख कॉपियों की रिकॉर्ड बिक्री की है। ये आंकड़ा सिर्फ अमेरिका के अंदर का है और इससे टेलर का अब तक का सबसे बड़ा डेब्यू बन गया है। बिलबोर्ड को डेटा देने वाले ल्यूमिनेट के मुताबिक इस एल्बम ने अब तक का दूसरा सबसे बड़ा फर्स्ट-वीक सेल्स रिकॉर्ड बना दिया है।



# ओटीटी पर दस्तक देगी फाइनल डेस्टिनेशन-6

**नई दिल्ली।** हॉलीवुड की कल्ट हॉरर फ्रेंचाइजी फाइनल डेस्टिनेशन की छठी किस्त फाइनल डेस्टिनेशनः ब्लडलाइंस अपनी धमाकेदार थिएटर रिलीज के बाद ओटीटी पर धमाका करने के लिए तैयार है। फाइनल डेस्टिनेशनः ब्लडलाइन्स 16 अक्टूबर से अंग्रेजी, हिंदी, तमिल और तेलुगु में केवल जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीमिंग होगी। कलाकारों में रिचर्ड हार्मन, कैटलिन सांता जुआना, टियो ब्रियोन्स, ओवेन पैट्रिक जॉयनर, रिया किहलस्टेड, अन्ना लोर और ब्रेक बैसिंगर शामिल हैं। फैंस को पुरानी यादों में खो देने के लिए, दिवंगत अभिनेता टोनी टॉड दिखाई देंगे जो उनकी आखिरी फिल्म थ। उन्होंने पिछली फिल्मों में विलियम ब्लडवर्थ को अपनी आवाज दी थी। इस बीच, रिपोर्ट्स की मानें तो सातवीं किस्त पहले से ही प्रोसेस में है और को-राइटर लोरी इवांस टेलर इस प्रोजेक्ट से जुड़ी हैं।



# नीरू ने की नई फिल्म की घोषणा...

**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' में अपनी अदाकारी से सभी को अपना दीवाना बनाने वाली एक्ट्रेस नीरू बाजवा ने अपनी नई पंजाबी फिल्म 'जवाक' की घोषणा सोशल मीडिया हैंडल पर की है। इसके साथ ही एक्ट्रेस ने फिल्म की रिलीज डेट से भी पर्दा उठाया है। नीरू बाजवा ने 5 अक्टूबर को अपनी आगामी फिल्म 'जवाक' की घोषणा इंस्टाग्राम पोस्ट पर की है। इस पोस्ट में नीरू ने एक कलरफुल पेज शेयर किया, जिसके ऊपर लिखा है ' जवाक'। इस पोस्ट के साथ नीरू ने कैप्शन में लिखा, 'और अधिक पढ़ें...अपने आंद्रे जवाक नू हमेशा जिओंदा राखो, जे वड्डे बन ना ता'। सिनेमाघरों में 17 अप्रैल 2026।' जवाक का निर्देशन जतिंद्र महुअर कर रहे हैं। फिल्म का निर्माण संतोष सुभाष कर रहे हैं।



# 31 को रिलीज होगी रोई-रोई बिनाले

**मुंबई।** हाल ही में असमिया गायक जुबीन गर्ग का निधन हो गया है। उनके निधन की जांच चल रही है। इस मामले में कई लोगों को गिरफ्तार किया गया है। ऐसे में असमिया फिल्म निर्माता राजेश भुयान ने बताया है कि अपकमिंग फिल्म 'रोई रोई बिनाले', जो दिवंगत जुबीन गर्ग की निजी परियोजना थी, 31 अक्टूबर को देशभर में रिलीज होगी। भुयान ने यह भी बताया कि अपकमिंग फिल्म में गर्ग की 'मूल आवाज' की रिकॉर्डिंग होगी। उन्होंने कहा 'हम पिछले तीन वर्षों से इस फिल्म पर काम कर रहे थे। फिल्म की कहानी और संगीत जुबीन गर्ग ने लिखा था। यह पहली संगीतमय असमिया फिल्म है। हमने फिल्म का लगभग सारा काम पूरा कर लिया था। सिर्फ इसके बैकग्राउंड म्यूजिक का काम बचा था।'

टीवी मसाला



# अनीता बनी शो छोरियां चली गांव पहले सीजन की विनर

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो 'छोरियां चली गांव' का कॉन्सेप्ट दर्शकों को काफी पसंद आया। इस शो में टीवी की जानी मानी हसीनाएं नजर आईं, जिन्हें गांव में रहना था। वहीं, अब 'छोरियां चली गांव' के पहले सीजन को इसका विनर मिल गया है। बीते दिनों 'छोरियां चली गांव' का ग्रैंड फिनाले था। इस सीजन के विनर का ताज टीवी एक्ट्रेस अनीता हसनंदानी के सिर चढ़ा है। ग्रैंड फिनाले में अनीता और कृष्णा श्रॉफ के बीच ट्रॉफी को लेकर कड़ी टक्कर थी। ऐसे में अनीता के विनर बनते ही गांव वालों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। टीवी एक्ट्रेस अनीता हसनंदानी ने शुरुआत से ही अपने गेम से न सिर्फ गांव वालों का बल्कि दर्शकों का भी दिल जीता। अनीता ने शो में खुद को प्रूव करने के लिए कड़ी मेहनत की। उन्होंने गाय का दूध निकालने से लेकर गोबर उठाने और कुंए से पानी लाने तक सभी काम किए। इन्हीं सब चीजों के साथ अनीता ने हर किसी का दिल जीता। शो में आखिर तक अनीता और कृष्णा श्रॉफ के बीच कांटे की टक्कर थी, लेकिन ट्रॉफी अनीता ले गईं। वहीं, कृष्णा श्रॉफ फर्स्ट रनरअप रहीं। शो को रणविजय सिंह ने होस्ट किया था। बता दें कि ग्रैंड फिनाले काफी धमाकेदार रहा। फिनाले में टॉप 5 कंटेस्टेंट्स ने पावर पैक्ड परफॉरमेंस दी। इस दौरान डॉली जावेद की बहन उर्फी जावेद और कृष्णा श्रॉफ के बॉयफ्रेंड अजीम भी शो में नजर आएं।

## अरबाज और बाली एक-दूसरे से भिड़े!

**नई दिल्ली।** इन दिनों एमएक्स प्लेयर पर प्रसारित हो रहा शो 'राइज एंड फॉल' लोगों को खूब पसंद आ रहा है। शो में हर दिन कुछ न कुछ नया देखने को मिल रहा है। हाल ही में शो का नया प्रोमो रिलीज हुआ है। इसमें



अरबाज पटेल और बाली एक दूसरे से जबरदस्त बहस करते हुए नजर आ रहे हैं। प्रोमो में देखा जा सकता है कि अरबाज बाली से कहते हैं 'चुपचाप सुन लो'। इस पर बाली कहते हैं 'सुन ही रहा हूं।' अरबाज कहते हैं 'अगर मैं अपनी हरकतों में आ जाउंगा न तो'। इस पर बाली कहते हैं 'तूने नीचे आ के माफी क्यों मांगी। अकेला बैठता था वहां पे।' इस पर अरबाज कहते हैं 'अकेला नहीं बैठा चौड़ में घूमता था वहां पर। अभी भी यहां पर बैठा हूं। अब देखो खड़ा भी हो गया।' इस पर बाली कहते हैं 'तेरी बॉडी फुस है।' इस पर अरबाज कहते हैं 'मैं किसी से डरता नहीं हूं।' बाली कहते हैं 'तू खुद से डरता है। तू रोता रहता है। तू तालियां किस पर मार रहा है?' इस पर अरबाज कहते हैं 'तेरे पे मार रहा हूं।'

# महेंद्र कपूर का ये गीत सुन झट से मान जाएगी रूठी हुई प्रेमिका

**नई दिल्ली।** मोहम्मद रफी और किशोर कुमार की तरह महेंद्र कपूर भी हिंदी सिनेमा के दिग्गज गायकों की फेहरिस्त में शामिल रहे। उन्होंने अपने कॅरियर में एक से बढ़कर गीतों के जरिए सिनेप्रेमियों के दिलों को सुकून पहुंचाया। आज हम आपको महेंद्र कपूर द्वारा गाए गए 58 साल पुराने एक ऐसे गाने के बारे में बताने जा रहे हैं, जो रोमांटिक सॉन्ग की तर्ज पर हर किसी का फेवरेट माना जाता है। गाने के बोल ऐसे हैं, अगर आपकी रूठी हुई प्रेमिका सुन ले तो झट से मान जाए। इस गीत को अभिनेता सुनील दत्त पर फिल्माया गया था।

***सुपरहिट सॉन्ग :*** सिंगर महेंद्र कपूर की मधुर आवाज किसी भी गीत को अमर कराने के लिए काफी थी। आज भी उनके गानों को फैंस सुनना पसंद करते हैं। सुरों के सुरताज महेंद्र के जिस गाने के बारे में यहां जिक्र किया जा रहा है, वह 1967 में आई फिल्म हमराज से था। इस मूवी में सुनील दत्त, विमी, मुमताज और राज कुमार जैसे कलाकारों ने अहम भूमिकाओं को




अदा किया था।

***वादियों में हुआ था शूट :*** हमराज का एक रोमांटिक सॉन्ग तुम अगर साथ देने का वादा करो... आज भी हर किसी का फेवरेट माना जाता है। सुनील दत्त और अभिनेत्री विमी पर फिल्माया गया ये पॉपुलर गीत महेंद्र कपूर ने ही गाया था। उनके द्वारा गाए गए बेहतरीन सॉन्ग की लिस्ट में इस गाने का नाम जरूर शामिल होता है। वादियों में शूट हुआ ये गीत और उस पर महेंद्र की जादुई आवाज का कॉम्बिनेशन बेहद खास रहा। यही कारण है जो लगभग 6 दशक बाद भी तुम अगर साथ देने का वादा करो गाने को सुनकर दिल को सुकून पहुंच जाता है। कुल मिलाकर कहा जाए तो अगर आप भी पुराने गाने सुनने के शौकीन हैं तो ये महेंद्र कपूर का ये सॉन्ग आपको जरूर सुनना चाहिए।

***इन कलाकारों को महेंद्र ने दी आवाज :*** सिर्फ सुनील दत्त ही नहीं बल्कि बतौर प्लेबैक सिंगर महेंद्र कपूर दिलीप कुमार और मनोज कुमार जैसे कई कलाकारों की आवाज बने थे। खासतौर पर मनोज की कई फिल्मों में बतौर सिंगर महेंद्र ने कई बेहतरीन गाने गाए थे। उदाहरण के लिए आप मनोज कुमार की फिल्म पूरब और पश्चिम फिल्म के भारत का रहने वाला हूं... देशभक्ति गीत का नाम ले सकते हैं।

# सारा ने पहली बार किया भाई इब्राहिम के साथ रैंप वॉक...

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार भाई-बहन सारा अली खान और इब्राहिम अली खान की आपस में खूब बनती है। दोनों एक दूसरे के साथ अच्छा पल बिताते हैं और अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर करते हैं। हाल ही में दोनों ने डिजाइनर अभिनव मिश्रा के लिए रैंप वॉक किया। डिजाइनर ने बेहतरीन ड्रेस लॉन्च की। सारा और इब्राहिम ने अपनी चंचलता के साथ दोस्ती का तड़का लगाया और रैंप वॉक के मौके पर लोगों का ध्यान खींचा। शो के लिए इब्राहिम अली खान ने कतान सिल्क से बनी एक शाही शेरवानी चुनी, जिस पर शीशे का काम, रेशम और जरी की बारीक कढ़ाई थी। 'सरजमीं' स्टार की इस पोशाक में एक राजसी आभा झलक रही थी। दूसरी ओर, सारा अली खान ने शाही ड्रेस चुनी। इस पर खास शीशे का काम, जरी और रेशम से हाथ से कढ़ाई की गई थी। झिलमिलाते क्रिस्टल से इस ड्रेस को और भी निखारा गया था। इब्राहिम और सारा पहली बार साथ-साथ चले, जिससे उनकी स्वाभाविक केमिस्ट्री की झलक मिली और उन्होंने शो के लिए एकदम सही माहौल तैयार किया।




## खूनी लव स्टोरी के साथ कॉमेडी का होगा तड़का

# दिवाली पर थामा से होगी एक दीवाने की टक्कर

***मुंबई।*** *दिवाली में अब ज्यादा वक्त बाकी नहीं रह गया है। हर साल की तरह इस बार भी दिवाली पर बॉक्स ऑफिस पर भी फिल्मी धमाके होंगे। क्योंकि एक से बढ़कर एक फिल्में दिवाली के आगे-पीछे रिलीज होनी हैं। इनमें सबसे बड़ा नाम आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना स्टारर थामा का है। यह मैडॉक के सुपरहिट हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की अगली फिल्म है। दिवाली पर सबसे बड़ी रिलीज थामा ही है। थामा 21 अक्तूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। मैडॉक के लोकप्रिय हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की ये पांचवीं फिल्म है। अब तक पसंद की गई इस यूनिवर्स की फिल्मों में अब थामा एक नया अध्याय जोड़ने वाली है। थामा में वैम्पायर्स की लव स्टोरी दिखाई जाएगी। इसीलिए मेकर्स इसे एक खूनी प्रेम कहानी बता रहे हैं। फिल्म का ट्रेलर सामने आने के बाद दर्शक इस फिल्म को लेकर और भी उत्साहित हैं और बेसब्री से इसका इंतजार कर रहे हैं। थामा में आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना के अलावा नवाजुद्दीन सिद्दीकी, परेश रावल और फैसल मलिक भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। नवाजुद्दीन सिद्दीकी फिल्म में विलेन की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन आदित्य सरपोतदार ने किया है, जो इससे पहले इस यूनिवर्स की फिल्म मुंज्या का निर्देशन कर चुके हैं।*





## एनिमेटेड फिल्म महायोद्धा राम भी होगी रिलीज

एक ओर जहां ये दो बड़ी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर रिलीज होंगी, वहीं दूसरी ओर 3डी एनिमेटेड फिल्म महायोद्धा राम भी सिनेमाघरों में दस्तक देगी। यह फिल्म 17 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। भगवान राम से जुड़ी फिल्म को दिवाली के मौके पर रिलीज करने से बेहतर मौका और क्या हो सकता है। महावतार नरसिम्हा की सफलता के बाद अब इस फिल्म को लेकर लोगों में उत्साह भी देखने को मिल रहा है। इस फिल्म में कुणाल कपूर ने प्रभु श्रीराम के किरदार को आवाज दी है। जबकि जिम्मी शेरगिल लक्ष्मण, मौनी रॉय माता सीता, मुकेश ऋषि हनुमानजी और गुलशन ग्रोवर ने रावण की आवाज दी है।

## जुनूनी प्रेम कहानी लेकर आ रहे हर्षवर्धन राणे

एक ओर जहां थामा एक खूनी लव स्टोरी लेकर आएगी, जिसमें कॉमेडी का तड़का होगा। वहीं, दूसरी ओर सनम तेरी कसमसे सच्चे आशिकों में शुमार हर्षवर्धन राणे एक जुनूनी प्रेम कहानी लेकर आ रहे हैं। हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा स्टारर 'एक दीवाने की दीवानियत' भी थामा के साथ ही 21 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। इस साल सैयारा एक सरप्राइज ब्लॉकबस्टर प्रेम कहानी रही है। ऐसे में अब 'एक दीवाने की दीवानियत'को हल्के में लेना बेईमानी होगी। हर्षवर्धन राणे युवाओं के बीच काफी लोकप्रिय भी हैं। फिल्म के गानों और टीजर से ये साफ है कि इस बार की कहानी 'सनम तेरी कसम' से ज्यादा इंटेंस होने वाली है। क्योंकि ये एक जुनूनी लव स्टोरी है। टाइटल ट्रैक से लेकर फिल्म के बाकी गानों को भी पसंद किया जा रहा है। सबसे खास बात ये है कि थामा का ट्रेलर सामने आ चुका है, लेकिन, अब तक 'एक दीवाने की दीवानियत'का ट्रेलर रिलीज नहीं किया गया है। इस फिल्म का निर्देशन मिलाप जावेरी ने किया है। अब देखना ये है कि थामा और एक दीवाने की दीवानियत में कौन बाजी मारता है।

**खबर संक्षेप**

## लायंस क्लब ने नवजात शिशुओं को बांटे हिमालया किट व माताओं को फल



**चांपा।** लायंस क्लब चांपा द्वारा आयोजित सेवा सप्ताह के चौथे दिन हेमिनबाई रामनारायण राठौर मेमोरियल नर्सिंग होम लायंस चौक चांपा में नवजात शिशुओं को हिमालया किट तथा माताओं को बिस्किट, फल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें 36 जच्चा बच्चा लाभान्वित हुए। इस अवसर पर लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन संतोष कुमार सोनी अधिवक्ता, सचिव लायन राजेश अग्रवाल,कोषाध्यक्ष लायन वासुदेव देवांगन, चेयरमैन लायन रामप्रपन्न देवांगन, वाइस चेयरमैन। लायन डॉ काशी प्रसाद राठौर, लायन डॉ घनश्याम प्रसाद दुबे, लायन विनोद कुमार अग्रवाल,लायन नेहरू देवांगन , लायन रमेश कुमार देवांगन, पूरन लाल बरेठ सहित अन्य लोग उपस्थित थे जिनके सहयोग से कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ ।

## अखंड नवधा रामायण यज्ञ का आयोजन आज से

**गोधना।** आदर्श ग्राम गोधना के गणेश मोहल्ला में अखंड नवधा रामायण का आयोजन 7 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलवार को सुबह 10 बजे कलश यात्रा से होगा। यह कलश यात्रा यज्ञ स्थल से होते हुए पूरे गांव में निकाली जाएगी और लंकेटर तालाब से कलश में जल भरकर पुनः यज्ञ स्थल पहुंचेगी। इस यज्ञीय कार्यक्रम में मानस गायन हेतु प्रतियोगिता का भी आयोजन होगा। प्रथम पुरस्कार 10001, द्वितीय 9001, तृतीय 7501,चतुर्थ 6001, पंचम 5001, षष्ठम 4001, सप्तम 3001, अष्टम 2501, नवम 1501 एवं दशम पुरस्कार 1001 विजेता प्रतिभागी टीमों को प्रदान किया जाएगा। वही चयनित पार्टी को सांत्वना पुरस्कार भी दिया जाएगा। इसके अलावा प्रति दिवस पुरस्कार के रूप में प्रथम पुरस्कार 401, द्वितीय 201, तृतीय पुरस्कार 151, चतुर्थ पुरस्कार 101 सर्वश्रेष्ठ गायक पार्टी को दिया जाएगा। वहीं 100 रुपए आयोजक समिति की ओर से प्रति दिवस उपस्थित पार्टी को दिया जाएगा।

## गुरु दीक्षा नामदान संस्कार समारोह का हुआ आयोजन



**शिवरीनारायण।** नगर के बैराज रोड़ स्थित संत रविदास मंदिर में गुरु दीक्षा नामदान संस्कार समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें वृंदावन से पधारे संत भारत भूषण दास के आतिथ्य में सामाजिक नामदान संस्कार समारोह का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में रोहिदास समाज के लोगों ने गुरु दीक्षा प्राप्त की। कार्यक्रम की शुरूआत संत रविदास की प्रतिमा पर पूजा अर्चना के साथ हुई। सभी लोगों को प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में दूर दूर से आए समाज के पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में पहुंचे लोगों के लिए भोजन प्रसाद की व्यवस्था की गई थी। इस दौरान ध्रुव कुमार मिर्धा अध्यक्ष चर्म शिल्पकार बोर्ड, विजय मेहरा अध्यक्ष सर्व रविदास समाज, जिला अध्यक्ष अशोक सोनवानी, प्रीति रोहिदास, राम प्रसाद राही, नेहरू राही, रामगोपाल आदिले छबिलाल, सुरजीत, धनंजय, सुखनंदन, उमाशंकर, दयाराम, लक्ष्मीकांत रोहिदास, योगेश, सुनील सहित अन्य समाज के लोग मौजूद थे।

## बोरसी में रावण दहन के साथ भव्य दशहरा महोत्सव आज

**बिर्रा ।** जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम बोरसी ( बिर्रा) में मंगलवार 7 अक्टूबर को रावण दहन के साथ दशहरा महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में ग्राम बोरसी के समाज सेवक छतराम पटेल ने बताया कि मंगलवार 7 अक्टूबर को रावण दहन के साथ दशहरा महोत्सव का कार्यक्रम रखा गया है। इसके साथ ही दर्शकों के मनोरंजन के लिए रात्रि 9 बजे से मया के झरोखा लोक कला मंच आर्केस्ट्रा पार्टी के कलाकारों के द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। ग्रामीणों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर आनंद उठाने की अपील की गई है।

## नगारीडीह में शरद संगीत समारोह आज

**केरा।** ग्राम नगारीडीह (केरा) में शरद संगीत समारोह का आयोजन मंगलवार 7 अक्टूबर को किया जाएगा। यह कार्यक्रम गुरु घासीदास संगीत महाविद्यालय हसौद के सहयोग से आयोजित होगा। इस समारोह में शास्त्रीय, सुगम गायन, वादन तथा कथक नृत्य की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य ज्योति किशन कश्यप होगी। विशिष्ट अतिथि के रुप में अखिलेश भीष्म सभापति राजस्व विभाग नवागढ, श्रीमती शांति घासीराम कश्यप उपाध्यक्ष जनपद पंचायत नवागढ़, श्रीमती अंबिका रोकड़े जांजगीर उपस्थित रहेंगी। इस दौरान दोपहर 2 बजे से स्थानीय कलाकार तथा रात्रि 8 बजे से आगन्तुक कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुति होगी। इस दौरान शास्त्रीय गायन डॉ. राजऋषि चक्रवर्ती कोलकाता एवं सुगम गायन लोकगीत विविध कुमारी राधा जायसवाल नवीन संगीत महाविद्यालय बिलासपुर एवं शास्त्रीय गायन मास्टर पीयूष कश्यप गुडरुकला अपनी प्रस्तुति देंगे। कत्थक नृत्य की प्रस्तुति डॉ. गुंजन तिवारी, कल्पना साहू, संतोषी कुम्हरे, रंगीना वसूमतारी, सचिन कुम्हरे खैरागढ़ एवं मेघा यादव चांपा देंगी।

### पंज प्यारो की अगुवाई में शबद कीर्तन व अरदास

# गुरु तेगबहादुर की शहीदी यात्रा का पुष्प वर्षा एवं आतिशबाजी के साथ स्वागत





रैली के माध्यम से स्वागत करते सिख समाज के साथ स्वयं सेवक एवं विभिन्न सामाजिक संगठन के लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

सिख समाज के गुरु श्री गुरु तेग बहादुर के 350 वा शहीदी दिवस के अवसर पर स्टेशन रोड गुरुद्वारा रायपुर से 3 अक्टूबर से निकली शहीदी यात्रा का पामगढ़ पहुंचने पर सिख संगत के अलावा विभिन्न सामाजिक संगठनों ने मिलकर दुपट्टा चौक से लेकर गुरुद्वारा श्री गुरुसिंह सभा पामगढ़ तक पुष्प वर्षा एवं आतिशबाजी के साथ स्वागत किया गया।

बताते चले कि यह यात्रा 3 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक चलेगी जो छत्तीसगढ़ के विभिन्न जगहों से होते हुए रायपुर में समाप्त होगी। शहीदी यात्रा का पामगढ़ पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया, पंज प्यारो की अगुवाई में इस यात्रा का स्वागत किया गया। गुरुद्वारा में पंज प्यारो की अगुवाई में ज्ञानी जी के द्वारा सबद कीर्तन एवं अरदास किया गया। तत्पश्चात सिख समाज द्वारा पंज प्यारो एवं अतिथियों का मोमेंटो एवं सरोपा देकर सम्मानित किया गया। ब्राह्मण संगठन ने गुरुतेग बहादुर जी का तैल चित्र से पंज प्यारो का सम्मान किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवको ने पूरे स्वागत रैली की आगवानी की । इस अवसर पर सिख समाज के महेंद्र सिंह छाबड़ा, इंदरजीत सिंह छाबड़ा, सतपाल सिंह खनूजा, इंदरपाल आजमानी, रंजीत सिंह गांधी,भूपेंद्र सिंह गांधी, सुरजीत सिह गांधी,गुरमीत सिंह गांधी,अशोक जुनेजा, कमल जुनेजा, राजू जुनेजा, राजू गांधी, मिंटू गांधी, चरनजीत गांधी, गोविंद सिंह गांधी,रघुवीर सिंह गांधी,राजेन्द्र सिंह गांधी नानक सिंह गांधी,चरनजीत सोढ़ी, मोहन खत्री, श्याम खत्री, राजेश खत्री, गोविन्द खत्री, डॉ डी सी चौधरी, ज्ञानी रोहित सिंह, नरेन्द्र पांडेय, श्यामबिहारी तिवारी,दिनेश थवाईत, अजय दिव्य, कोमल ब्रह्मभट्ट, संजय मिश्रा, सोनाराम यादव, होरीलाल आदित्य, राकेश टंडन,राजन थवाईत, मुकेश कश्यप, सत्यनारायण शर्मा, प्रितपाल सिंह गांधी, गुलजीत सिंह गांधी, सोनू गांधी, रवि गांधी, रिक्की गांधी, लक्की गांधी, शैवी गांधी सहित पामगढ़ अकलतरा की सिख संगत के साथ सर्व समाज, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, ब्राह्मण संगठन के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे ।

■ मोमेंटो एवं सरोपा देकर किया सम्मानित



## देवरहा गांव के शासकीय जमीन पर कब्जा कर बनाया कॉलेज व स्कूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

बलौदा विकासखण्ड के ग्राम देवरहा के शासकीय भूमि पर अतिक्रमण व नर्सरी का वृक्ष काटकर वन भूमि पर कब्जा कर आम निस्तारी की भूमि को बाधित करने वाले लोगों के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर कलेक्टर एवं जांजगीर एसडीएम को ज्ञापन सौपा गया हैं।

अपने ज्ञापन में जिला पंचायत के सभापति श्रीमती उमा राजेन्द्र राठौर व ग्रामीणों ने बताया कि श्रीमती ममता राठौर पति रमेश राठौर निवासी डीबीएम स्कूल लिंक रोड जांजगीर द्वारा ग्राम देवरहा तहसील जांजगीर की भूमि में कॉलेज व स्कूल निर्माण निर्माण कराने के लिए ग्राम पंचायत से एनओसी लेते हुए अपने निजी भूमि के पास की शासकीय भूमि पर कब्जा कर लिया गया है। उसके द्वारा स्कूल के साथ ही शासकीय भूमि पर कब्जा कर राईस मिल स्थापित किया जा रहा है, जिस भूमि पर राईस मिल लगाया जा रहा है जिसमें भारी मात्रा में राखड़ (फ्लाई एश) पाट दिया गया है। इस भूमि से होकर बरसाती पानी की निकासी किसानों के खेतों की ओर होता है। राखड़ पाट देने से पानी का बहाव बाधित हो गया है। इससे किसानों की फसल पूरी तरह से बरबाद हो गई है। किसानों के द्वारा इस संबंध में अनेको बार आपसे शिकायत भी की गई है, लेकिन संबंधित व्यक्ति के ऊपर कोई कार्यवाही नहीं की गई। उल्टा पैसों के जोर पर इस बाहुबली बेजा-कब्जाधारी के द्वारा किसानों के विरूद्ध झूठी रिपोर्ट थाने में लिखाई गई जिसके कारण पुलिस द्वारा किसानों को थाने बुलाकर घंटों बैठा दिया गया। वर्तमान में उक्त व्यक्ति के द्वारा राईस मिल में हाई पॉवर विद्युत कनेक्शन के लिए गांव के बीचों-बीच से होकर लाईन बिछाने की योजना बनाई जा रही है। इसके लिए ग्राम के नर्सरी में लगे हुए कई पेड़ों को उक्त व्यक्ति के द्वारा कटवा दिया गया है तथा छोटे झाड़ की वनभूमि में भी कब्जा किया जा रहा है। इससे गांव के लोग किसी अनहोनी को लेकर दहशत में हैं।

■ कार्यवाही मांग को लेकर जिला पंचायत सभापति व ग्रामीणों ने कलेक्टर व एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

## उपमुख्यमंत्री अरुण साव का आगमन कल, विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल



**सक्ती।** छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव भारसाधक मंत्री लोक निर्माण विभाग ,लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, नगरीय निकाय, खेल कूद एवं युवा कल्याण,छत्तीसगढ़ शासन का जिला मुख्यालय सक्ती में 8 अक्टूबर को आगमन हो रहा है। सक्ती जिला नगर आगमन पर जिला साहू संघ सक्ती की ओर से उनका भव्य स्वागत अभिनंदन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। समाज के जिलाध्यक्ष डॉ साहू लगातार परिक्षेत्रों की बैठक लेकर कार्यक्रम की जानकारी दे रहे हैं। जिला साहू संघ सक्ती के जिलाध्यक्ष एवं सक्ती के पूर्व विधायक डॉ खिलावन साहू ने बताया कि उपमुख्यमंत्री का सक्ती जिला आगमन पर साहू समाज में भारी उत्साह का माहौल है एवं इस दिन समाज के प्रतिभावान 10वीं, 12वीं ,स्नातक, स्नातकोत्तर,पास 75 प्रतिशत से अधिक प्राप्तांक ,मेडिकल ,इंजीनियरिंग , कृषि, वाणिज्य, ला ,के छात्रों का सम्मान साथ ही अच्छे कृषक अच्छे व्यापारी ,अच्छे कर्मचारी ,अच्छे अधिकारी ,अच्छे निर्वाचित जनप्रतिनिधि ,योग टीचर ,अच्छे गायक कलाकार, संगीतकार ,कलमकार, पत्रकार, गीतकार वैज्ञानिक, उद्यमी, ब्लड डोनर,समाज के विभिन्न क्षेत्रों में जिन्होंने उत्कृष्ट कार्य किया है उनका भी प्रमुख रूप से सम्मान किया जाना है। साथ ही नगर पालिका सक्ती के बुधवारी बाजार में अटल परिसर का लोकार्पण और अडभार में अटल परिसर का लोकार्पण इत्यादि कार्यक्रम शामिल है । समाज के जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक डॉ. खिलावन साहू ने अधिकाधिक संख्या में समाज के लोगों से शामिल होने का आग्रह किया है।

## रेडक्रॉस के कार्यों को और अधिक सर्वव्यापी बनाने करें काम : तोपनो

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती



बैठक में चर्चा करते कलेक्टर, अधिकारी एवं सदस्य।

भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा सक्ती की बैठक सोमवार 6 अक्टूबर को जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभागार में अध्यक्ष एवं शक्ति जिले के कलेक्टर अमृत विकास तोपनो की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस दौरान जिला पंचायत शक्ति के मुख्य कार्यपालन अधिकारी वासु जैन, रेड क्रॉस सोसाइटी की सचिव एवं शक्ति जिले की जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ श्रीमती पूजा अग्रवाल, रेड क्रॉस सोसाइटी के जिले से प्रभारी के एस पैंकरा प्रमुख रूप से मौजूद थे। बैठक के दौरान सचिव डॉक्टर श्रीमती पूजा अग्रवाल ने भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शक्ति की पूर्व में संपन्न बैठकों एवं निर्वाचन प्रक्रिया की जानकारी दी। साथ ही भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के कार्यों एवं सदस्यता अभियान के बारे में भी बताया।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रभारी के एस पैंकरा ने बताया कि भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी राज्य मुख्यालय के दिशा निर्देश पर कार्य करती है एवं शक्ति जिले में भी विगत वर्ष इसका गठन किया गया था, जिसकी प्रक्रियाएं राज्य मुख्यालय को भेजी गई थी। नए सदस्यता अभियान की भी आवश्यकता है। बैठक को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सक्ती के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बासु जैन ने कहा कि भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी रक्तदान शिविर एवं विभिन्न माध्यमों से कार्य करती है। सभी सदस्य सेवा भावना के साथ इस संस्था के माध्यम से कार्य करें। बैठक को संबोधित करते हुए भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष एवं जिले के कलेक्टर अमृत विकास तोपनों ने कहा कि शक्ति जिले में रेड क्रॉस के कार्यों को और अधिक सर्वव्यापी बनाने की दिशा में सभी काम करें तथा रेड क्रॉस की स्थापना के उद्देश्यों के अनुरूप सभी सदस्य सेवा भावना के साथ इसके कार्यों को करेंगे तो निश्चित रूप से लोगों तक इसका लाभ पहुंचेगा, वहीं बैठक के दौरान शक्ति जिले में नए सदस्यता अभियान को लेकर भी बैठक में उपस्थित सदस्यों ने स्वस्फुरतः नए सदस्य बनाने की बात कही, जिसमें मनीष कथुरिया द्वारा 51 सदस्य एवं रामनरेश यादव द्वारा 25 सदस्य बनाने की घोषणा की गई, जिसका बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने स्वागत किया तथा बैठक के दौरान पूर्व में रेड क्रॉस के कार्यों को लेकर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई,साथ ही भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा शक्ति के प्रभारी के रूप में डॉक्टर सुदर्शन भारद्वाज शक्ति को जिम्मेदारी दी गई एवं सभी सदस्यों से आग्रह किया गया।

■ भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी की बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा, नए सदस्य बनाने की घोषणा

## संघ को समझना है तो शाखा जाना अनिवार्य : पवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राहौद



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में राहौद मंडल द्वारा विजयादशमी उत्सव एवं पथ संचलन कार्यक्रम सोमवार 6 अक्टूबर को सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में लखन दास महाराज मारुति नंदन मंदिर मेंहदी, मुख्य वक्ता मंजीत पवार एवं जिला संघचालक हेमलाल सिंह उपस्थित थे।

कार्यक्रम में राहौद मंडल अंतर्गत पांच गांवों से बड़ी संख्या में स्वयंसेवक शामिल होने पहुंचे थे। स्वयंसेवकों ने सर्व प्रथम योग आसन, नियुद्ध, कराटे, दंड चालन, घोष व समता का शारीरिक प्रदर्शन किया। तत्पश्चात नगर के तीन किलोमीटर तक पथसंचलन के लिए प्रस्थान किया। माताओं एवं बहनों ने जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत एवं अभिनन्दन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि लखनदास महराज ने कहा संघ को समाज में कार्य करते सौ वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। संघ के स्वयंसेवक राष्ट्र भक्ति व समाज का कार्य करते आ रहे हैं। मुख्य वक्ता मंजीत पवार ने स्वयंसेवकों को संसद करते हुए कहा हमें संघ को समझना है तो शाखा जाना अनिवार्य है, संघ को बाहर से नहीं समझाया जा सकता। उन्होंने कहा जिस प्रकार बिजली को देखा जा सकता है लेकिन उसके उत्पादन को समझा नहीं जा सकता ठीक उसी प्रकार शाखा एक उत्पादक है और उसके अनेक अनुसांगिक संगठन जैसे विद्या भारती, विद्यार्थी परिषद व विश्व हिन्दू परिषद जैसे सैकड़ों संगठन तैयार होती है। इस अवसर पर जिला बौद्धिक प्रमुख तोमर सिंह, जिला सह-व्यवस्था प्रमुख विकास अग्रवाल, जिला पद प्रमुख श्याम बिहारी तिवारी, खंड कार्यवाहक भागीरथी कश्यप, खंड गौ सेवा प्रमुख धीरेन्द्र योगी, मंडल कार्यवाहक हर्षराज पटेल, नगर घोष प्रमुख शुशांक शर्मा, अमन ध्रुव,नितिश भट्ट, जिलाध्यक्ष अबेंश जांगड़े, गुलाब सिंह चंदेल, मंडल अध्यक्ष यशवंत साहू, जिला अजा मोर्चा अध्यक्ष संतोष लहरें, मंडल अध्यक्ष अजा मोर्चा गंगाराम टंडन,जिला उपाध्यक्ष धनंजय सिंह ठाकुर, नपं अध्यक्ष प्रतिभा कश्यप, उपाध्यक्ष गयाराम चंदेल, पार्षद अमित अनंत, राजेश यादव, संतोष यादव, सतीश पटेल, ऋषभ योगी, मानेसर जांगड़े, सुभाष पटेल, सुनील गुप्ता, विमल मनहर सहित बड़ी संख्या में स्वयं सेवक उपस्थित थे।

■ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में विजयादशमी उत्सव व पथ संचलन कार्यक्रम आयोजित

## काशीगढ़ परिक्षेत्र के मनहरण अध्यक्ष व हरीराम बने उपाध्यक्ष



**जैजैपुर।** साहू समाज की क्षेत्रीय चुनाव में मनहरण साहू अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कन्हैया साहू को 6 मतों के अंतर से पराजित कर काशी गढ़ परिक्षेत्र अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। उनकी नियुक्ति से सामाजिक कार्यकर्ताओं के मध्य हर्ष व्याप्त हैं। उपाध्यक्ष हरीराम साहू निर्वाचित हुए महिला समिति के अध्यक्ष मुनेश्वरी शाहू एवं संगठन सचिव प्रदीप साहू बने संगठन सचिव शांति साहू बनी। पर्यवेक्षक के रूप में गौरी लाल साहू देवनारायण साहू अमृतलाल साहू उपस्थित रहे। सामाजिक चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।परिक्षेत्र अध्यक्ष मनहरण साहू ने का सामाज को संगठित करने एवं समाज के हितों की रक्षा के लिए हमेशा संघर्षरत रहेगें समाज के लोगो ने उन पर जो विश्वास जताया है। उसमे खरा उतरने का हर संभव प्रयास करने की बात कही है। मनहरण साहू कृषि उपज मंडी जैजैपुर के पूर्व अध्यक्ष रहे। नंदेली ग्राम पंचायत के लगातार सरपंच भी रहे हैं।

